# जागरण : नर्मदापुरम् : इटारसी : बैतूल : हरदा

www.dainikjagranmpcg.com

✹ सिवनी-मालवा ✹ पिपरिया ✹ सोहागपुर ✹ मुलताई ✹ पांढुर्णा ✹ आमला ✹ टिमरनी ✹ खिरकिया

भोपाल 18 जून 2026


# महाराणा प्रताप जयंती पर राजपूत समाज ने निकाली भव्य रैली



**जागरण नर्मदापुरम।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर बुधवार को राजपूत समाज द्वारा एक भव्य एवं विशाल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवा, समाजजन, विभिन्न संगठनों के सदस्य तथा श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे आयोजन ने शहर के वातावरण को देशभक्ति, उत्साह और ऐतिहासिक गौरव से सराबोर कर दिया। निर्धारित समय पर भगवा ध्वजों, घोड़ों और ढोल और डीजे के साथ रैली का शुभारंभ किया गया। रैली में शामिल लोगों ने हाथों में तिरंगे और भगवा ध्वज लेकर महाराणा प्रताप के जयघोष लगाए, जिससे पूरा शहर महाराणा प्रताप अमर रहें और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। घोड़ों पर सवार युवा योद्धा महाराणा प्रताप की वीरता का प्रतीक बनकर रैली में शामिल हुए, जिन्हें देखकर लोग काफी उत्साहित नजर आए। कई स्थानों पर स्थानीय नागरिकों ने रैली का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और वीर योद्धा को श्रद्धांजलि अर्पित की। रैली नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी जहां जगह-जगह पर स्वयंसेवी संगठनों द्वारा जलपान और पेयजल की व्यवस्था भी की गई। आयोजकों ने बताया कि इस रैली का उद्देश्य युवा पीढ़ी को महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा देना और उनके त्याग, साहस तथा राष्ट्रभक्ति के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना है।



## न्यूज कार्नर

### अवैध उत्खनन में संलिप्त ट्रैक्टर-ट्रॉली की जब्त



**जागरण नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को खनिज विभाग द्वारा ग्राम होरियापीपर क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए रेत का अवैध उत्खनन कर रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त किया गया। जप्त वाहन को नियमानुसार आरटीओ परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। संबंधित प्रकरण में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नदियों में रेत परिवहन हेतु बनाए गए संभावित अस्थायी मार्गों को भी चिन्हित कर नष्ट किया जा रहा है, जिससे अवैध गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाई जा सके। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### फोटोयुक्त मतदाता सूची का प्रकाशन 27 जून को

**जागरण नर्मदापुरम।** राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 के पूर्व में जारी कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। अब प्रारूप मतदाता सूची में दावे-आपत्ति 25 जून तक लिये जायेंगे। दावे-आपत्तियों का निराकरण 2 जुलाई तक किया जायेगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 27 जुलाई को किया जायेगा। पूर्व में जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जुलाई को होना था। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के लिये निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करना सुनिश्चित करें।

### 15 अगस्त तक मत्स्याखेट रहेगा पूर्णतः प्रतिबंधित

**जागरण नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम 1972 की धारा 3(2) के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक की अवधि तक अवैधानिक मत्स्याखेट, मत्स्य परिवहन एवं मत्स्य विपणन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जारी अधिसूचना के अनुसार इस दौरान किसी भी प्रकार की अवैध मछली पकड़ने की गतिविधि, मत्स्य परिवहन अथवा मत्स्य विक्रय करना दंडनीय अपराध माना जाएगा। संबंधित प्रावधानों के उल्लंघन की स्थिति में मध्यप्रदेश मत्स्य क्षेत्र संशोधन अधिनियम 1981 की धारा 5 के अंतर्गत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष तक का कारावास अथवा पांच हजार रुपये तक का जुर्माना या दोनों से दंडित किए जाने का प्रावधान है। मत्स्य विभाग द्वारा समस्त जनसाधारण एवं मत्स्य पालकों से अपील की गई है कि उक्त अवधि के दौरान अवैधानिक मत्स्याखेट, मत्स्य परिवहन एवं मत्स्य विपणन ना करें और ना ही किसी अन्य व्यक्ति को इस प्रकार की गतिविधियों में सहयोग प्रदान करें। विभाग ने सभी नागरिकों से नियमों का पालन करते हुए जल संसाधनों एवं मत्स्य संपदा संरक्षण में सहयोग करने का आग्रह किया है।

## सोहागपुर ब्लॉक के ग्राम रानी पिपरिया की नहर के पास मिला युवक का शव

# ढाबा संचालक की गोली मारकर हत्या पुलिस ने घटनास्थल से जुटाए साक्ष्य

**जागरण सोहागपुर।** सोहागपुर विकासखंड के ग्राम रानी पिपरिया की नहर के पास बुधवार को सुबह के समय खून से लथपथ एक शव पड़ा दिखाई देने से समूचे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पांजरा रोड ग्राम रानी पिपरिया नहर की पुलिया पर एक युवक का शव पड़ा हुआ दिखाई देने की सूचना पर पुलिस पहुंची। मृतक की शिनाख्त सचिन पिता नारायण सिंह पुर्विया उम्र 28 साल निवासी भार्गव मोहल्ला शोभापुर थाना सोहागपुर के रूप में हुई है। ढाबा संचालक सचिन पुर्विया की हत्या सिर में दाहिने तरफ गोली मारने से हुई है। पुलिस ने मृतक के भाई फरियादी राजू उर्फ राजकुमार पुर्विया पिता नारायण सिंह पुर्विया उम्र 34 साल निवासी भार्गव मोहल्ला की रिपोर्ट पर अज्ञात के विरुद्ध धारा- 103 (1) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। फरियादी राजू ने पुलिस को बताया कि हम तीन भाई है। सचिन पुर्विया मेरा सबसे छोटा भाई है जो ग्राम महुआ में रोड किनारे राजपूत ढाबा का संचालन करता है। मैं भी सचिन के साथ राजपूत ढाबा पर काम करता हूँ। मंगलवार को रात करीब 8.30 बजे के लगभग सचिन, मैं, पापा नारायण, मामा का लड़का आशीष पुर्विया ढाबा के कर्मचारी गोलू ठाकुर, राजेश, श्याम ठाकुर, छोटू ढाबा पर थे, सचिन ढाबा के सामने कुर्सी लगाकर बैठा था, तभी पिपरिया तरफ से काले रंग की मोटर सायकिल पर एक अज्ञात व्यक्ति मुंह पर सफेद गमछा बांधे आया तो सचिन उठकर रोड किनारे उस अज्ञात व्यक्ति के पास गया, करीब 20 सेकण्ड बात करने के बाद सचिन उसकी मोटर सायकिल पर बैठकर पिपरिया तरफ चला गया। आधे घण्टे तक सचिन वापस नहीं आया तो राजू ने सचिन को फोन लगाया लेकिन सचिन ने फोन नहीं उठाया। परिजनों द्वारा लगातार फोन लगाए जाने और कॉल रिसीव नहीं होने पर रात करीब 3 बजे के लगभग पुलिस चौकी शोभापुर गए। चौकी से सचिन के मोबाइल की लोकेशन निकालने पर रानी पिपरिया की नहर के पास मिली। राजू, आशीष, रूपेश एवं अपने पापा के साथ अपने भाई सचिन की तलाश करते हुए ग्राम रानी पिपरिया की नहर के पास पहुंचे जहां सचिन पुर्विया नहर की पुलिया पर पड़ा था और उसके सिर से खून निकल रहा था। वह मृत अवस्था में पड़ा था। जिसकी जानकारी मौके पर पहुंचे लोगों द्वारा पुलिस चौकी शोभापुर को दी गई।

**पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपा :** घटनास्थल से मृतक सचिन का शव पोस्टमार्टम के लिए सोहागपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां ड्यूटी चिकित्सक द्वारा पीएम किया गया। पुलिस की मौजूदगी में शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक सचिन के परिजनों एवं शुभचिंतकों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से शोभापुर जाते समय पुलिस थाने के सामने रुक कर घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की शीघ्र मांग की गई। जिस पर थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने कहा कि 24 घंटे के अंदर पुलिस द्वारा मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। पुलिस अधिकारियों द्वारा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं मामले का पर्दाफाश करने का आश्वासन मिलने पर 5 से 10 मिनट बाद परिजन सचिन के शव को अंतिम संस्कार के लिए शोभापुर ले गए।



### नकाबपोश की तलाश में जुटी पुलिस

घटना की गंभीरता को देखते हुए सोहागपुर थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी, शोभापुर चौकी प्रभारी राहुल पटेल और सेमरी हरचंद चौकी प्रभारी विवेक यादव सहित भारी पुलिस बल रात में ही मौके पर पहुंच गया था। वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने के लिए फिंगर प्रिंट और एफएसएल टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया। पुलिस संदिग्ध नकाबपोश युवक की सरगर्मी से तलाश कर रही है और रास्ते के सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### इनका कहना है ...

पुलिस द्वारा 24 घंटे के अंदर मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच पड़ताल करने के बाद आरोपियों तक पहुंच गई है। 24 घंटे के अंदर पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी कर मामले का खुलासा करेगी।

– **गिरीश त्रिपाठी,** थाना प्रभारी सोहागपुर

## बुधनी के व्यापारी से चेन लूटने के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार




**जागरण नर्मदापुरम।** 12 जून की रात परमश्री गार्डन के पास बुधनी के एक व्यापारी से सोने की चेन लूटने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी टिगरिया और खरखेड़ी गांव के रहने वाले हैं तथा इनमें दो सगे भाई और एक चचेरा भाई शामिल है।

बुधवार को एसडीओपी जितेंद्र पाठक ने मामले का खुलासा किया। गिरफ्तार आरोपियों में हरिओम गोस्वामी, ओमप्रकाश गोस्वामी, ऋतिक गोस्वामी और सुदीप गौर शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसडीओपी जितेंद्र पाठक ने बताया कि 12 जून की रात करीब 1.15 बजे फरियादी नारायण सिंह उर्फ राहुल सिंह राजपूत अपने साथी शैलेन्द्र परिहार और उनकी पत्नी के साथ नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन से बाइक पर बुधनी जा रहे थे। बुदनी रोड स्थित परमश्री गार्डन के पास एक कार उनका पीछा कर रही थी। यश ढाबे के आगे कार सवार आरोपियों ने बाइक के सामने कार लगाकर उन्हें रोक लिया। इसके बाद आरोपियों ने शैलेन्द्र परिहार और उनकी पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी। जब नारायण सिंह बीच-बचाव करने पहुंचे तो आरोपियों ने उनके गले से करीब डेढ़ तोले की सोने की चेन लूट ली और कार से फरार हो गए। पुलिस जांच में सामने आया कि वारदात के बाद आरोपी पहले बुधनी की ओर गए और फिर मीनाक्षी चौक, मालाखेड़ी होते हुए फोरलेन की तरफ निकल गए। लूटी गई सोने की चेन को आरोपियों ने बेच दिया था और उससे मिले रुपए खर्च कर दिए थे।

**200 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाले :** आरोपियों तक पहुंचने के लिए पुलिस को पांच दिन तक लगातार मशक्कत करनी पड़ी। जांच के दौरान पुलिस ने 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ईको स्पोर्ट्स कार (डीएल 10 सीएच 8934) तक पहुंची। कार के मालिक ऋतिक गोस्वामी निवासी टिगरिया और उसके साथियों हरिओम गोस्वामी, ओमप्रकाश गोस्वामी तथा सुदीप गौर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में सभी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।

**आरोपियों पर दर्ज हैं कई आपराधिक मामले :** देहात थाना प्रभारी ऊषा मरावी ने बताया कि आरोपी ऋतिक गोस्वामी और हरिओम गोस्वामी के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। दोनों के खिलाफ थाना डोलरिया में आठ और थाना देहात नर्मदापुरम में तीन अपराध दर्ज हैं।

## पैक्स में वसूली अभियान को मिली गति, कलेक्टर ने दिए शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश

**जागरण नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा जिले की 99 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) में चालू वर्ष में वितरित अल्पकालीन ऋण की शत-प्रतिशत वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में जिले में चालू ऋणों की 73.5 प्रतिशत वसूली की जा चुकी है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी शाखा प्रबंधकों एवं समिति प्रबंधकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सहकारिता विभाग एवं बैंक के अधिकारियों द्वारा वसूली कार्य की निरंतर समीक्षा की जा रही है तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक ने लक्ष्य पूर्ति में लापरवाही बरतने वाले बैंक एवं समिति कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने के निर्देश भी दिए हैं। कृषकों को सहकारी व्यवस्था से जोड़ने एवं समितियों का आधार मजबूत करने के उद्देश्य से जिले की पैक्सों में सदस्यता अभियान भी चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नए कृषकों को समिति का सदस्य बनाया जा रहा है, जिससे उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड जैसी सुविधाओं का लाभ मिल सके। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिले की सभी पैक्सों में पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण सुनिश्चित कर उसके शीघ्र वितरण के निर्देश भी दिए हैं। जिले की पैक्सों में अब तक 14,800 मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया जा चुका है, जबकि 3,600 मीट्रिक टन खाद का वितरण किसानों को किया गया है। प्रशासन का उद्देश्य है कि किसान समय पर खाद प्राप्त कर सकें तथा खाद दुकानों, समितियों एवं डबल लॉक केंद्रों पर अनावश्यक भीड़ न हो। इसके लिए समितियों में शिविर लगाकर किसानों के ई-टोकन बुक किए जा रहे हैं और व्यवस्थित रूप से खाद वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वसूली, सदस्यता विस्तार एवं खाद वितरण से संबंधित सभी गतिविधियों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करते हुए किसानों को अधिकतम सुविधा उपलब्ध कराई जाए।



## अधिकारी ने किया मतदाताओं का भौतिक सत्यापन

**जागरण नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोमेश मिश्रा के निर्देशन में स्थानीय निर्वाचन हेतु निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण का विशेष अभियान जिले में निरंतर संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, मृत अथवा दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम अपमार्जित करने तथा त्रुटियों के सुधार की कार्यवाही युद्धस्तर पर की जा रही है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदाय जांच सूचियों के आधार पर प्राधिकृत अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सघन भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सरिता मालवीय ने नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1, 5, 6, 10 एवं 23 में पहुंचकर प्राधिकृत अधिकारियों की टीम के साथ चल रही भौतिक सत्यापन कार्यवाही का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रीमती मालवीय ने नागरिकों एवं मतदाताओं से संवाद कर अपील की कि यदि किसी मृत अथवा अपात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में दर्ज है, तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित अधिकारी-कर्मचारी को दें। उन्होंने बताया कि नागरिक ईआरएमएस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आपत्ति प्रपत्र भरकर भी अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। प्राप्त आपत्तियों की प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सूक्ष्म जांच कर नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी प्राधिकृत अधिकारी जांच सूची के साथ घर-घर पहुंचकर निष्पक्ष एवं सघन सत्यापन कार्य कर रहे हैं। अभियान का उद्देश्य पात्र मतदाताओं को सूची में शामिल करना तथा अपात्र प्रविष्टियों को हटाकर एक स्वच्छ, अद्यतन एवं विश्वसनीय मतदाता सूची तैयार करना है। जिले में निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निरंतर जारी है तथा प्रशासन द्वारा इसकी नियमित निगरानी की जा रही है।



**सामाजिक सरोकार** | ग्राम खरसली में ग्रामीणों ने पेश की जनसहयोग और आस्था की अनूठी मिसाल

# श्मशान घाट में स्थापित की भगवान शंकर की सात फीट ऊंची प्रतिमा

**जागरण पिपरिया।** बनखेडी की ग्राम पंचायत पथरकुही के ग्राम खरसली में ग्रामीणों ने जनसहयोग और धार्मिक आस्था की एक अनूठी मिसाल पेश की है। ग्राम के श्मशान घाट परिसर में ग्रामीणों के सामूहिक आर्थिक सहयोग से भगवान शिव की एक भव्य और आकर्षक प्रतिमा स्थापित की है। सात फीट ऊंची इस प्रतिमा की स्थापना के बाद से पूरे गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीण इसे श्मशान घाट के कायाकल्प की दिशा में एक बड़ा कदम मान रहे हैं।

**ग्रामीणों ने जुटाया फंड :** ग्राम पंचायत पथरकुही के सरपंच गजेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि श्मशान घाट में स्थापित भगवान शंकर की इस भव्य प्रतिमा के निर्माण में लगभग 50 हजार की लागत आई है। इस कार्य के लिए किसी सरकारी बजट का इंतजार करने के बजाय ग्रामीणों ने खुद स्वैच्छा से आर्थिक सहयोग दिया। ग्रामीणों का मानना है कि श्मशान घाट जैसे शांत और वैराग्य के स्थान पर भगवान शिव की प्रतिमा की मौजूदगी से वहां आने वाले लोगों को आत्मिक शांति मिलेगी।

**दो एकड़ भूमि में होगा सौंदर्यीकरण:** सरपंच गजेंद्र सिंह पटेल ने आगामी योजनाओं को साझा करते हुए बताया कि ग्राम खरसली में श्मशान घाट के लिए कुल 2 एकड़ भूमि आरक्षित है। पंचायत इस पूरी भूमि को व्यवस्थित करने और इसका सौंदर्यीकरण करने का खाका तैयार कर चुका है। आने वाले समय में यहां बाउंड्री वॉल, वृक्षारोपण और सुगम रास्तों का निर्माण कराया जाएगा, ताकि इस स्थान को एक शांत और स्वच्छ परिसर के रूप में विकसित किया जा सके।



### विधायक निधि से बना शवदाह शेड

क्षेत्रीय विकास की कड़ी में स्थानीय विधायक ठाकुरदास नागवंशी द्वारा भी इस श्मशान घाट के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है। विधायक नागवंशी ने अपनी विधायक निधि से यहां एक शवदाह शेड का निर्माण कराया है। इस शेड के बन जाने से अब ग्रामीणों को बारिश या अत्यधिक धूप के मौसम में अंतिम संस्कार के दौरान होने वाली भारी परेशानियों से बड़ी राहत मिली है। सरपंच गजेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायत के ग्रामों में श्मशान घाटों की व्यवस्था को सुधारना उनकी मुख्य प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि जैसे ही पंचायत को शासन स्तर से आगामी विकास कार्यों की राशि प्राप्त होगी, वैसे ही प्राथमिकता के आधार पर श्मशान घाटों को भी व्यवस्थित और सुंदर बनाया जाएगा। प्रतिमा स्थापना के इस पुनीत कार्य में ग्रामवासियों, युवाओं और पंचायत जनप्रतिनिधियों का सराहनीय योगदान रहा।

## वन विभाग में पांच रेंजर और 14 वन रक्षकों के हुए तबादले

**जागरण नर्मदापुरम।** जिले में सामान्य वन मंडल और सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के 5 रेंजरों के तबादले हुए, जिसमें सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के पूर्व पचमढ़ी, चूरना, बोरी और सामान्य वन मंडल के बानापुरा, सुखतवा, सोहागपुर रेंजर के तबादले हुए। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को चार नए रेंजर भी मिले है। जिसमें पेंच टाइगर रिजर्व से रेंजर बलवंत सिंह केशवाल, एमएस मरावी भूपेश चौरसिया और कान्हा टाइगर रिजर्व मंडला से रेंजर अभय सिंह तोमर का तबादला एसटीआर में हुआ।

एसटीआर से रेंजर उमेश मारू को रातापानी टाइगर रिजर्व, विजय कुमार बारस्कर को सामान्य वन परिक्षेत्र रहटगांव हरदा और आरपी पाठक को रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व सागर भेजा गया। सामान्य वन मंडल सुखतवा के रेंजर नीरज शर्मा का तबादला रायसेन हुआ। उनकी जगह पर रेंजर सुनीता उइके छिंदवाड़ा से आई है।

बानापुरा रेंजर ज्ञान सिंह पवार का तबादला हरदा, रायसेन बरखेड़ा रेंजर मयंक पांडे को बानापुरा रेंजर बनाया गया है। सोहागपुर रेंजर सुमित पांडे का तबादला बनखेड़ी वन परिक्षेत्र हुआ। उनकी जगह हरदा उत्पादन रेंजर हेमंत शर्मा को सोहागपुर रेंज की जिम्मेदारी दी है। इसी प्रकार एसटीआर और सामान्य वन मंडल के 14 वन रक्षकों के भी तबादले हुए। जिसमें विवाद और शिकायतों में घिरे वनरक्षकों के भी तबादले हुए। इनमें वनरक्षक रामकिशोर राय का तबादला एसटीआर तवा बफर से बागड़ा बफर हुआ। उन्हें पूर्व में किसी मामले में निलंबित किया गया था।

# पॉक्सो एक्ट में फंसे कबड्डी कोच के समर्थन में उतरे खिलाड़ी, एसपी को ज्ञापन सौंपकर कहा-आरोप झूठे

### खिलाड़ी बोले-हमेशा उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और खेल अनुशासन को सर्वोपरि प्राथमिकता देते आए हैं कोच

**जागरण, हरदा।** टिमरनी थाना क्षेत्र में कबड्डी कोच अंकित जोशी के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज होने के बाद यह विवाद अब गरमा गया है। इस कार्रवाई के विरोध में और कोच के बचाव में मंगलवार को जिले के दर्जनों खिलाड़ी एकजुट होकर जिला मुख्यालय पहुंचे। खिलाड़ियों ने पुलिस अधीक्षक शशांक से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से खिलाड़ियों ने कोच अंकित जोशी पर लगाए गए सभी आरोपों को पूरी तरह से निराधार और झूठा बताते हुए मामले की उच्च स्तरीय व निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

## कोच ने हमेशा सुरक्षा और अनुशासन को दी प्राथमिकता

एसपी को सौंपे गए ज्ञापन में खिलाड़ियों ने टिमरनी पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई पर असंतोष व्यक्त किया है। खिलाड़ियों का कहना है कि अंकित जोशी पिछले करीब 25 वर्षों से जिले में बच्चों को कबड्डी का निशुल्क और बेहतरीन प्रशिक्षण दे रहे हैं। उनके कड़े अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण के कारण ही हरदा जिले को कबड्डी के क्षेत्र में एक नई पहचान मिली है। खिलाड़ियों ने तर्क दिया कि कोच जोशी खेल मैदान पर बालिकाओं को भी नियमित अभ्यास कराते हैं और उनके पूरे कार्यकाल के दौरान आज तक कभी भी उनके आचरण पर कोई दाग नहीं लगा है। वे हमेशा से खिलाड़ियों की सुरक्षा, उनके आत्मसम्मान और खेल अनुशासन को सर्वोपरि प्राथमिकता देते आए हैं। ऐसे में उन पर छेड़छाड़ जैसी गंभीर शिकायत दर्ज होना बेहद चौंकाने वाला और किसी षड्यंत्र का हिस्सा प्रतीत होता है।

## सैकड़ों प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया

खिलाड़ियों ने कप्तान को बताया कि अंकित जोशी के कुशल मार्गदर्शन और कड़े प्रशिक्षण की बदौलत ही जिले के कई गरीब और ग्रामीण पृष्ठभूमि के खिलाड़ियों ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर की बड़ी प्रतियोगिताओं में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है। इतना ही नहीं उनके द्वारा तराशे गए कई खिलाड़ी खेल कोटे के माध्यम से आज विभिन्न शासकीय सेवाओं और पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। खिलाड़ियों का कहना है कि ऐसे सम्मानित गुरु पर बिना किसी ठोस सबूत के एकतरफा आरोप लगाकर उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

## खिलाड़ियों को एसपी ने दिया निष्पक्ष जांच का भरोसा

खिलाड़ियों की पूरी बात सुनने और ज्ञापन लेने के बाद एसपी शशांक ने इस संवेदनशील मामले में पूर्ण पारदर्शिता बरतने का आश्वासन दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि चूंकि मामला नाबालिग से जुड़ा है, इसलिए नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज की गई है।

हालांकि पुलिस हर पहलू और साक्ष्यों की बारीकी से तफ्तीश कर रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर ही आगे की वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। किसी भी निर्दोष को सजा नहीं होने दी जाएगी।

# मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ परिजनों को सुरक्षा दी जाए: कांग्रेस



**जागरण, हरदा।** टिमरनी के कब्बड्डी कोच अंकित जोशी के खिलाफ छात्रा द्वारा लगाये गये छेड़छाड़ के आरोप को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई एवं विधायक अभिजीत शाह के नेतृत्व में निष्पक्ष जांच कर आरोपी को गिरफ्तार किये जाने की मांग की गई और ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि छात्रा के साथ छेड़छाड़ की गई, जो कि कब्बड्डी खिलाड़ी है। 24 मई को अपने घर खाना बनाने के लिए बुलाकर अकेलपन का फायदा उठाते हुए छात्रा के साथ छेड़छाड़ की, जो निंदनीय कृत्य है। उन्होने बताया जब छात्रा कब्बड्डी की प्रेक्टिस के लिए जाना बंद कर देती है, तब घर वालों के द्वारा बार-बार पूछने पर छात्रा आपबीती बताती है। इस घटना का पता घर वालों को लगता है और घर वालों के द्वारा भारी मशक्कत के बाद मामला पंजीबद्ध होता है। आरोपी को भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का संरक्षण प्राप्त है, इस कारण आशंका है कि छात्रा के परिवार जनों को कोई खतरा हो सकता है। जिला कांग्रेस ने इस घटना के विरोध मे पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन के माध्यम से छात्रा के परिजनों को उचित सुरक्षा देने की मांग की है। साथ ही इस पूरे घटना क्रम की उच्चस्तरीय जाँच करने के लिए एसआईटी गठित कर मामले की सही जांच कर आरोपी की कॉल डिटेल की जांच किये जाने का आग्रह किया, जिससे पता चले कि कौन लोग इसमें शामिल है।

## गौ हत्या के मामले को क्यों दबाया जा रहा है

छिदगांव मेल में हुई गौ हत्या के मामले को इतना क्यों दबाया जा रहा है, इसमें कौन-कौन लोग शामिल हैं उनकी सीडीआर सार्वजनिक की जाए। कांग्रेसजनो ने आशंका जताई है कि इस गौ हत्या मामले में चौंकाने वाले नाम सामने आएंगे, इसलिए अभी तक पुलिस ने शायद कोई कार्यवाही आगे नहीं बढ़ाई है। उन्होने आरोप लगाया कि ये पहला मामला है इसमें भारतीय जनता पार्टी धर्म के नाम पर, गौ माता के नाम पर राजनीति तो करती है, लेकिन कोई भी अन्य हिन्दू संगठन आज तक सड़कों पर नहीं आया। इस मामले में राजनीतिक हस्तक्षेप हो रहा है। उन्होने मांग की है कि दोनों मामले में अगर जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई, तो कांग्रेस आंदोलन करने को बाध्य होगी। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष विनोद पटेल, नगर अध्यक्ष सुभाष जायसवाल, गंगाराम गुर्जर, जमुनादास राजपूत, गंभीर पटेल, विक्रम चौहान, ओम मिश्रा, दीपक जैन,सत्यनारायण राजपूत, नारायण सांखला, आदित्य पटेल आदि शामिल रहे।

# न्यूज कार्नर

## 26 को मनाया जाएगा नशा मुक्त भारत सप्ताह

**जागरण, हरदा।** सामाजिक एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग हरदा द्वारा जिले में 17 से 26 जून तक नशा मुक्ति सप्ताह मनाया जाएगा। सप्ताह के दौरान संबंधित विभागों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग कमलेश सिंह ने बताया कि नशा मुक्त भारत सप्ताह का आयोजन नशा मुक्त भारत अभियान विकसित भारत की पहचान की थीम पर मनाया जाएगा। इस दौरान शैक्षणिक संस्थाओं के माध्यम से सेमिनार, ग्रुप डिस्कशन, शपथ ग्रहण जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएगी। सप्ताह के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा नशा मुक्त हो चुके हितग्राहियों की सफलता की कहानी एवं स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मानव श्रृंखला व शपथ का आयोजन किया जाएगा। साथ ही खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा फुटबॉल व हॉकी टूर्नामेंट एवं मैराथन का आयोजन किया जाएगा। श्री सिंह ने बताया कि नेहरू युवा केंद्र एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा जिले में ओपन माइक प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य, लोक गीत, सामुदायिक स्थान पर शपथ नशा मुक्ति पत्र का वितरण एवं पोस्टर चस्पा किए जाएंगे साथ ही समूह चर्चा भाषण जैसी गतिविधियां भी आयोजित की जाएगी।

## प्रेम बाई के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त

**जागरण, खिरकिया।** स्व गोविंद प्रसाद विश्वकर्मा की धर्मपत्नी, स्व अशोक विश्वकर्मा, सत्यनारायण विश्वकर्मा, सन्तोष विश्वकर्मा की माताजी एवं सौरभ विश्वकर्मा, अंकुश विश्वकर्मा की दादी प्रेम बाई विश्वकर्मा का निधन मंगलवार 16 जून की रात्रि को हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को खिरकिया मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर समाजजनों, स्नेहीजनों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

## भजनों पर देर रात तक झूमे जिलेभर के भक्त



**जागरण, खिरकिया।** राजा अजमल तंवर कई वर्षों तक निःस्तान थे। एक बार किसान बोवनी करने खेत जा रहे थे तो राजा सामने आ गए। किसानों ने कदम पीछे खींच लिए। राजा ने जोर देकर पूछा तो किसानों ने सच बताया कि निः संतान राजा का मुंह देखकर बीज बोने से अकाल पड जाता है। इससे राजा दुखी हुए। रानी को यह बात बताई और भगवान द्वारकाधीश की शरण में जाने का निर्णय लिया। उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर द्वारकाधीश ने उन्हें दो पुत्र दिए। एक का नाम बीरमदेव तथा दूसरे का रामदेव रखा गया। यही रामदेव कृष्ण के अवतार में पूजे जा रहे हैं। चारुवा के किला प्रांगण में मंगलवार रात आयोजित बाबा रामदेव कथा और जम्मा जागरण में राजकुमार असारी ने बाबा रामदेव के जन्म की यह कथा सुनाई। उन्होंने कहा बाबा रामदेव का जन्म विक्रम संवत 1409 में भाद्रपद की दूज को हुआ था। उन्होंने बाबा रामदेव के विवाह का भी रोचक प्रसंग सुनाया। खालवा से आए राहुल भाटी व संजू भाटी ने बाबा रामदेवजी का मनमोहक दरबार सजाया। जागरण रात 10 बजे प्रारंभ जो तड़के 4.30 बजे तक चला। बाबा के भजनों का सिवनी मालवा, सोडलपुर, सिराली, खालवा, खिड़किया एवं आसपास के गांवों से आए सैकड़ों भक्तों ने आनंद लिया।

**जागरण में बाबा का आह्वान किया**

भजन संध्या में गणेश वंदना के बाद बाबा रामदेव का आह्वान किया गया। भजन गायक राहुल बोरावल एवं नीरज पवार ने कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है, मरुधर में जोत जागी गया से जागरण की शुरुआत हुई। इसके बाद बाबा की भक्ति में साढे छह घंटे कब बीत गए भक्तों को पता ही नहीं चला।

# 55 वर्षीय अज्ञात बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिला, शिनाख्त करने में जुटी पुलिस

### स्थानीय लोगों ने नशे की हालत में देखा था सुबह

**जागरण, हरदा।** जिला मुख्यालय के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हवेली होटल इलाके में बुधवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब आरा मशीन के पास एक अज्ञात बुजुर्ग का शव लावारिस हालत में पड़ा मिला। राहगीरों और स्थानीय दुकानदारों की नजर जब शव पर पड़ी, तो उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस सहायता नंबर डायल 112 पर दी।



सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को दोपहर में सूचना मिली थी कि हवेली होटल के पास आरा मशीन के नजदीक एक व्यक्ति संदिग्ध और अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है। पुलिस की प्राथमिक पूछताछ में आसपास के रहवासियों और चश्मदीदों ने एक बड़ा खुलासा किया। लोगों ने बताया कि उक्त बुजुर्ग मंगलवार रात से ही इस पूरे इलाके में संदिग्ध रूप से घूमता हुआ देखा गया था। बुधवार सुबह करीब 10.00 बजे भी स्थानीय लोगों ने उसे अत्यधिक नशे की हालत में वहां देखा था। कुछ देर बाद जब वह जमीन पर अचेत होकर गिर गया, तो आसपास के दुकानदारों ने उसे धूप से बचाने और होश में लाने के लिए उसके चेहरे पर पानी के छींटें भी डाले। काफी प्रयासों के बाद भी जब बुजुर्ग के शरीर में कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई, तब लोगों को अनहोनी की आशंका हुई और तत्काल पुलिस को अवगत कराया गया। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी रोशनलाल भारती ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक की उम्र लगभग 50 से 55 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा बनाया और उसे पोस्टमार्टम व शिनाख्त के लिए जिला अस्पताल के मर्चुरी भिजवा दिया है। टीआई भारती के अनुसार मृतक के पास से फिलहाल ऐसा कोई दस्तावेज या आईडी कार्ड नहीं मिला है जिससे उसकी पहचान हो सके। हालांकि उसके हुलिए और पहनावे को देखकर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि वह किसी ग्रामीण क्षेत्र का रहने वाला है। कोतवाली पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है और आसपास के थानों व सोशल मीडिया ग्रुप्स की मदद से मृतक की शिनाख्त कराने के प्रयास तेज कर दिए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# कांग्रेस प्रत्याशी नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना अलोकतांत्रिक: टाले

### पार्टी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया

**जागरण, हरदा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आज राजीव गांधी पंचायती राज संगठन द्वारा राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की जिला अध्यक्ष नमिता पिपार्दे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई ने कहा कि राज्यसभा चुनाव 2026 के लिए मध्य प्रदेश से कांग्रेस प्रत्याशी सुश्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र निरस्त किए जाने की घटना ने चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े किए हैं। यह जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 36 के अनुसार नामांकन पत्र केवल निर्धारित एवं वैधानिक आधारों पर ही निरस्त किया जा सकता है। साथ ही धारा 36/4 में स्पष्ट प्रावधान है कि किसी नामांकन पत्र को ऐसे दोष के आधार पर निरस्त नहीं किया जा सकता जो महत्वपूर्ण प्रकृति का न हो। निर्वाचन आयोग की रिटर्निंग ऑफिसर हैंडबुक 2023 में भी यह निर्देशित किया गया है कि संदेह की स्थिति में उम्मीदवार को लाभ दिया जाना चाहिए तथा केवल शपथपत्र में कथित गलत जानकारी के आधार पर नामांकन अस्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि सुश्री मीनाक्षी नटराजन का नामांकन एक निजी शिकायत से संबंधित कथित जानकारी के प्रकटीकरण न करने के आधार पर निरस्त किया गया। यदि यह तथ्य सही है, तो यह जांच का विषय है कि क्या रिटर्निंग अधिकारी द्वारा वैधानिक प्रावधानों, निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का समुचित पालन किया गया था।



## यह की मांग

इस मामले की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच कराई जाए। नामांकन निरस्तीकरण की प्रक्रिया में अपनाई गई कार्यवाही एवं आधारों की समीक्षा कराई जाए। यदि किसी प्रकार की प्रक्रिया संबंधी त्रुटि या नियमों का उल्लंघन पाया जाए तो सक्षम प्राधिकारी को आवश्यक अनुशंसा भेजी जाए। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए जाएँ। ज्ञापन सौंपते समय क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर रामकिशोर दोगने, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार हेमंत टाले, प्रमिला सिंह ठाकुर, सुप्रिया पटेल, रानू पटेल, सोनम पाल, रविशंकर शर्मा, गोविंद व्यास, सुरेन्द्र बिश्नोई, सूरज सिंह राजपूत, आशुतोष कोठारी, राघवेंद्र पारे उपस्थित थे।

## भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी बृज गोपाल लोया का वैश्य समाज ने किया स्वागत



**जागरण, हरदा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी एवं मुख्य वक्ता बृज गोपाल लोया के आगमन पर वैश्य समाज के सदस्यों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों के विश्वास, विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों पर विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित वक्ताओं ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। वैश्य समाज की ओर से समर्थ सिंघल, संगीता अग्रवाल, महेश सादानी, अजय अग्रवाल एवं विक्रांत अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समाजजन उपस्थित रहे।

## खिरकिया राजपूत परिषद ने भव्य रूप से मनाई महाराणा प्रताप जयंती, सम्मान समारोह आयोजित

**जागरण, खिरकिया।** महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर बुधवार को स्थानीय राजपूत परिषद भवन में सम्मान समारोह एवं महासभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया तथा शिक्षा और सामाजिक उत्थान को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं। मुख्य अतिथि डॉ विशाल सिंह बघेल ने समाज की बेटियों की उच्च शिक्षा को प्रोत्साहित करते हुए घोषणा की कि जो छात्राएं एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही हैं, उन्हें उनकी ओर से 21 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस दिन जिले में समाज की 20 से अधिक बेटियां एमबीबीएस की शिक्षा ग्रहण करेंगी, उस समय उन्हें 51 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देने का भी प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति का सबसे मजबूत आधार बेटियों की शिक्षा है और इसके लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के नागरिक एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर डॉ विशाल सिंह बघेल प्रदेश अध्यक्ष भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ, राजेन्द्र सिंह राजपूत प्रदेश मंत्री भाजपा भोपाल, शुभम सिंह राजपूत, उत्तमपाल सिंह पुरनी जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी खंडवा, राधेश्याम बछानिया जिला अध्यक्ष राजपूत समाज हरदा, सुनील सिंह राजपूत जिला अध्यक्ष करणी सेना परिवार हरदा, राजेन्द्र सिंह राणा संस्थापक महाराणा सेना मप्र सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। साथ ही समाज के वरिष्ठ समाजसेवी सम्भागीय अध्यक्ष बद्री प्रसाद पटेल एवं राजपूत परिषद अध्यक्ष शंकर सिंह पटेल उपस्थित थे। भाजपा प्रदेश मंत्री राजेन्द्र सिंह राजपूत ने कहा कि शिक्षा के साथ अनुशासन का समन्वय ही व्यक्ति को सफलता के शिखर तक पहुंचाता है। उन्होंने युवाओं एवं बेटियों से आह्वान किया कि वे शिक्षा के माध्यम से अपने सपनों को साकार करें और समाज व राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।



# टिमरनी में 21 जून को होगा ओपन शतरंज टूर्नामेंट, 21 हजार की पुरस्कार राशि मिलेगी

**जागरण, टिमरनी।** क्षेत्र में शतरंज खेल को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को प्रतिभा प्रदर्शन का मंच प्रदान करने के उद्देश्य से सेठ लक्ष्मीनारायण गणेशदास बलवटे सेवा संस्थान द्वारा संचालित द एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल एवं जिला शतरंज संगठन हरदा के संयुक्त तत्वावधान में सेठ एलजी बलवटे मेमोरियल ओपन चेस टूर्नामेंट-2026 का आयोजन 21 जून को टिमरनी में किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि हरदा जिले में पिछले एक वर्ष के दौरान 8 सफल शतरंज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा चुका है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जो कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के मुख्य आतिथ्य एवं सानिध्य में संपन्न होगी। प्रतियोगिता में अंडर-14 एवं ओपन कैटेगरी के खिलाड़ियों के लिए मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा बेस्ट फीमेल, बेस्ट टिमरनी प्लेयर, बेस्ट वेटरन, बेस्ट टिमरनी अंडर-14, बेस्ट अंडर-11, बेस्ट अंडर-9 एवं बेस्ट अंडर-7 खिलाड़ियों को विशेष पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 21 हजार रुपये निर्धारित की गई है। यह प्रतियोगिता 21 जून 2026 रविवार को प्रातः 9.30 बजे से सायं 4 बजे तक द एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल टिमरनी में आयोजित होगी। अंडर-14 वर्ग के लिए प्रवेश शुल्क 200 रुपये तथा ओपन वर्ग के लिए 300 रुपये रखा गया है। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता के दिन बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन से विद्यालय तक प्रतिभागियों के लिए निःशुल्क वाहन सुविधा उपलब्ध रहेगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों के लिए 20 जून सायं 7 बजे तक पंजीयन अनिवार्य है। अंडर-14 वर्ग के प्रतिभागियों को आयु प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। संस्थान के डायरेक्टर सचिन बलवटे ने क्षेत्र के खिलाड़ियों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिता में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। संस्था आधुनिक एवं तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ खेल एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# काव्य और लोकेश ने बढ़ाया हरदा का मान, सीबीएसई सुब्रतो कप नेशनल में उपविजेता रही टीम के हिस्सा रहे

### ओलंपिक संघ सहित वरिष्ठ खिलाड़ियों ने दोनों को दीं बधाइयां

**जागरण, हरदा।** खेल प्रतिभाओं की भूमि कहे जाने वाले हरदा जिले के नाम एक और बड़ी राष्ट्रीय उपलब्धि दर्ज हुई है। हरदा के यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के दो होनहार खिलाड़ियों ने उत्तराखंड में आयोजित प्रतिष्ठित सीबीएसई सुब्रतो कप नेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम पूरे देश में रोशन किया है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरदा के दोनों खिलाड़ी उपविजेता रही टीम के मुख्य आधार स्तंभ रहे। खिलाड़ियों की इस बड़ी सफलता पर हरदा के खेल प्रेमियों और वरिष्ठ खिलाड़ियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

## इंदौर की ओर से मैदान में उतरे हरदा के लाल

प्राप्त जानकारी के अनुसार यूनाइटेड फुटबॉल क्लब हरदा से प्रशिक्षण प्राप्त खिलाड़ी काव्य पटेल पिता जगदीश पटेल और लोकेश ओझा पिता हेमराज ओझा वर्तमान में इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल इंदौर की फुटबॉल टीम की ओर से खेल रहे हैं। हाल ही में उत्तराखंड राज्य में इस राष्ट्रीय स्तर की स्कूली फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस कड़े मुकाबले में इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल इंदौर की टीम ने देश के कई राज्यों की मजबूत टीमों को शिकस्त देते हुए फाइनल तक का सफर तय किया और नेशनल टूर्नामेंट में उपविजेता होने का गौरव हासिल किया। टीम को यह मुकाम दिलाने में हरदा के काव्य और लोकेश के मैदानी कौशल और तालमेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। हरदा की इन दोनों युवा प्रतिभाओं के राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने और उपविजेता बनने पर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष संदीप पटेल ने दोनों बच्चों और उनके पिताओं को दूरभाष पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद हरदा के बच्चे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पटल पर अपनी पहचान बना रहे हैं, जो पूरे जिले के लिए अत्यंत गौरव की बात है। उन्होंने दोनों के उज्जवल खेल भविष्य की कामना की है।

## खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों ने दीं शुभकामनाएं

काव्य और लोकेश की इस गौरवशाली सफलता पर हरदा के वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ियों, खेल संरक्षकों और प्रशिक्षकों ने संयुक्त रूप से बधाई संदेश जारी कर अपनी खुशी व्यक्त की है। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से मोहन पुरुस्वानी, अनीश खान, वसंत पटेल, विक्रांत अग्रवाल, महेश सोनी, शेख शहनाज, सुनील पालीवाल, राजेश बिलिया, कमलेश पटेल, सौरभ तिवारी, विनोद गुर्जर, बबन खान, विनोद यादव शामिल हैं। इसके साथ ही खिलाड़ियों को शुरुआती दिनों में तराशने वाले कोच अजय पुरविया और मनोज खोरे ने भी अपने लाडले खिलाड़ियों की इस राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इन दोनों बच्चों की मेहनत रंग लाई है और वे आने वाले समय में भारतीय टीम का हिस्सा बनेगें।



## न्यूज कार्नर

### रेलवे स्टेशन पर लोकार्पण के पहले खराब हुई लिफ्ट, यात्री फंसे

**मुलताई जागरण।** नगर के रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए लगाई गई लिफ्ट बुधवार को तकनीकी खराबी के कारण बीच रास्ते में रुक गई। लिफ्ट में महिलाएं समेत कई यात्री फंस गए, जिन्हें रेलवे कर्मचारियों ने सुधार कार्य कर सुरक्षित बाहर निकाला। जबकि अभी लिफ्ट का लोकार्पण भी नही हुआ है। बताया जाता है रेल्वे स्टेशन पर लगाई गई लिफ्ट से बुधवार को कुछ यात्री महिलाए एवं बच्चे दूसरे प्लेट फार्म पर जा रहे थे, इस दौरान लिफ्ट में तकनीकी खामिया आने के कारण लिफ्ट बीच रास्ते में ही रुक गई, जिससे महिलाए एवं बच्चे घबरा गए,घटना कि सूचना रेलवे के कर्मचारियों को मिलने पर मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। तकनीकी सहायता से लिफ्ट का दरवाजा खोलने का प्रयास किया,कुछ देर की मेहनत के बाद बाद लिफ्ट खोलकर अंदर फंसे सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। सभी यात्री सुरक्षित बताए जाते है।इस संबंध रेल्वे की ओर से कोई अधिकृत जानकारी नही मिल पाई है। खास बात तो यह है कि अब तक इसका लोकार्पण तक नही हो सका है। इससे भी कई सवाल उठ रहे हैं।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं, **अभिषेक अग्रवाल पिता मुरलीधर अग्रवाल उम्र 44 वर्ष निवासी- गॉधी नगर, इंदिरा वार्ड-22 बैतूल तह. जिला बैतूल म.प्र. 460001** मेरे पुत्र **ध्रुव अग्रवाल** का जन्म **आशीर्वाद नर्सिंग होम गौठाना तह. जिला बैतूल म.प्र.** में दिनांक 05.02.2013 को हुआ है। मैंने अपने पुत्र **ध्रुव अग्रवाल** का जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त किया है जिसमें मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका घरेलू नाम **अरनव अग्रवाल** दर्ज हो गया है। मैं अपने पुत्र का घरेलू नाम **अरनव अग्रवाल** के स्थान पर जन्म प्रमाण पत्र अनुसार नाम **ध्रुव अग्रवाल** दर्ज करवाना चाहता हूँ। तथा आज दिनांक के बाद मेरे पुत्र को **ध्रुव अग्रवाल** के नाम से जाना व पहचाना जावे।

### इनरव्हील क्लब स्पार्कल्स की नई कार्यकारिणी घोषित



**जागरण,खंडवा।** इनरव्हील क्लब ऑफ खंडवा स्पार्कल्स की वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इसमें मोनिका शर्मा को अध्यक्ष, सुदिपा पाराशर को सचिव, मीरा व्यास को कोषाध्यक्ष, पिंकी दीक्षित को आईएसओ तथा दीप्ति थापक को एडिटर की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में क्लब की संस्थापक डॉ. पिंकी राठौर, पूर्व पदाधिकारी एवं वरिष्ठ सदस्यों ने नवगठित टीम का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोनिका शर्मा ने कहा कि क्लब समाजसेवा, महिला सशक्तिकरण और जनहित के कार्यों को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाएगा। उन्होंने सभी सदस्यों के सहयोग से सेवा गतिविधियों को विस्तार देने का संकल्प भी व्यक्त किया।

### काम से लौट रहे युवक की जान गई, आशाधाम के पास दर्दनाक हादसा

**जागरण,खंडवा।** इंदौर रोड स्थित आशाधाम के पास तेज रफ्तार आइशर वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना जबरदस्त था कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां एक युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान विश्रामपुर निवासी 29 वर्षीय पारस के रूप में हुई है। वह पेंटिंग का काम करता था और काम के सिलसिले में खंडवा आया था। मंगलवार को वह अपने रिश्तेदार के साथ दोपहिया वाहन से घर लौट रहा था। इसी दौरान किशोर कुमार समाधि के पीछे आशाधाम के समीप एक आइशर वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा दोनों घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों ने पारस को बचाने का प्रयास किया, लेकिन उसकी गंभीर चोटों के कारण मौत हो गई। वहीं दूसरे युवक लिमड़ा की हालत नाजुक होने पर उसे इंदौर रेफर किया गया है। हादसे की खबर मिलते ही परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए। जवान बेटे की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने वाहन को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### महाराणा प्रताप को श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया

# बैतूल में गूंजा महाराणा का जयघोष शौर्य और स्वाभिमान को किया नमन

### अभिनंदन सरोवर पार्क में हर्षोल्लास से मनी महाराणा प्रताप की 439वीं जयंती



**बैतूल जागरण।** वीरता, स्वाभिमान, त्याग और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती क्षत्रिय महासभा राजपूत समाज अखंड भारत के तत्वावधान में अभिनंदन सरोवर पार्क स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धा, उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजनों ने सहभागिता कर महाराणा प्रताप को श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर जगदीश सिंह राघव ने कहा कि महाराणा प्रताप राजपूत समाज ही नहीं, पूरे राष्ट्र के गौरव हैं। उनका जीवन संघर्ष, त्याग, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति समर्पण की अनुपम मिसाल है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का स्वाभिमान हमारा अभिमान है और उनके आदर्श आज भी समाज को राष्ट्रहित में एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में मुलताई नगर पालिका अध्यक्ष नीतू सिंह परमार, प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ संगीता कुशवाह, वरिष्ठ समाजसेवी राजा ठाकुर केलेदार, राष्ट्रीय सचिव ठाकुर सिंह सोलंकी, श्रमजीवी पत्रकार संगठन अध्यक्ष रणजीत सिंह, कुनबी समाज सेवा संगठन अध्यक्ष मुन्ना मानकर, जिलाध्यक्ष हेमा सिंह चौहान, सवर्ण समाज संयोजक राकेश त्रिवेदी, पवार समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल पवार, हिंदू सेना के दीपक मालवी, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती कुसुम केलेदार तथा पवार समाज के जिलाध्यक्ष रामराव घाघरे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ संगठन मंत्री विनय सिंह राठौड़ ने किया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में आशीष देशमुख, राजेंद्र वाघमारे, आशीष पवार, सतीश महते, गोल्डी विकास मिश्रा, गजेन्द्र पवार, संजय पाल, प्रदीप सिंह भारद्वाज, वीरेन्द्र सिंह गौर, गोलू सिंह ठाकुर, दिनेश सिंह ठाकुर, दौलत सिंह, मनोहर सिंह, डोमा महाजन, रोशन सिंह, राजा ठाकुर, रणजीत सिंह, तोप सिंह चौहान, रावण सिंह, कैलाश सिंह, बनवीर सिंह, रवि तोमर, गीतेश चौहान, मिथलेश सिंह, अनोप सिंह, शेर सिंह, अर्जुन सिंह, अर्चना भारद्वाज, नीलिमा राठौड़, सुजाता सिंह एवं रेखा भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में क्षत्रिय एवं क्षत्राणियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में महाराणा प्रताप की प्रतिमा एवं चित्र पर माल्यार्पण कर राष्ट्र की अखंडता, सामाजिक समरसता और समाज की उन्नति के लिए प्रार्थना की गई। पूरे आयोजन में देशभक्ति, सामाजिक एकता और राजपूताना गौरव का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### आंगनबाड़ी केंद्र धौल में हर्षोल्लास के साथ कराया गया बच्चों का शाला प्रवेश

**मुलताई।** परियोजना बैतूल ग्रामीण के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र धौल में मंगलवार को शाला प्रवेश पर्व उत्साह, उल्लास और पारंपरिक स्वागत के साथ मनाया गया। इस अवसर पर केंद्र में प्रवेश लेने वाले नन्हे बच्चों का तिलक लगाकर एवं फूलों की माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। शाला प्रवेश पर्व को आकर्षक बनाने के लिए आंगनवाड़ी केंद्र को विशेष रूप से सजाया गया था। केंद्र में पहुंचे बच्चों का सम्मानपूर्वक स्वागत कर उन्हें प्रवेश दिलाया गया, जिससे बच्चों और अभिभावकों में खुशी का माहौल रहा। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शारदा नानकर, एएनएम, सहायिका तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

### पूर्वाभ्यास में 610 ने लिया योग प्रशिक्षण

**मुलताई।** जिला आयुष विभाग के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्वाभ्यास के अंतर्गत आज 17 जून को जिले के विभिन्न स्थानों पर व्यापक योग अभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला आयुष अधिकारी डॉ.योगेश चौकीकर के मार्गदर्शन में आयुष विभाग तथा विभिन्न गैर सरकारी एवं सामाजिक संगठनों के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की।मुलताई उपजेल में योग प्रशिक्षक रागिनी शिवहरे के द्वारा 95 बंदियों एवं लाभार्थियों को योगाभ्यास कराया गया। वहीं ताप्ती परिसर गायत्री मंदिर मुलताई में डॉ.ललित रतन चौधरी एवं डॉक्टर तरु लता आठनेरे के निर्देशन में 21 योग लाभार्थियों ने योग प्रशिक्षण प्राप्त किया। आमला स्थित गायत्री परिवार समिति में श्री अशोक रघुवंशी के मार्गदर्शन में 20 लोगों ने योगाभ्यास किया। इसी क्रम में पतंजलि योग समिति के प्रशिक्षक प्रीति साहू एवं कल्पना उईके के द्वारा द्वारका लॉन कालापाठा बैतूल में 43 लाभार्थियों को योग का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही चिचोली बाजार चौक में 12 लाभार्थियों ने योग प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में भी व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें कुल 419 लाभार्थियों ने योगाभ्यास का लाभ लिया। इस प्रकार पूरे जिले में आयोजित इन विविध योग सत्रों के माध्यम से कुल 610 लाभार्थियों ने योग प्रशिक्षण प्राप्त किया। घाट बिरोली से झनकलाल, साईखेड़ा से सुनील तथा ससुद्रा से योग प्रशिक्षक रागिनी की उपस्थिति में योग सत्र संपन्न हुआ। यह सत्र डॉ. ललित एवं डॉ. प्रगति के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

### सिपावा की महिलाओं ने अवैध शराब बिक्री बंद कराने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

**मुलताई।** क्षेत्र के ग्राम सिपावा में बुधवार की सुबह महिलाओं ने अवैध रूप से बिक रही शराब पर प्रतिबंध लगाने तथा चौक चौराहो पर शराब पीने पर रोक लगाने की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए रैली निकाली, रैली में ज्यादातर महिलाए गुलाबी साड़ी में नजर आई जो कि स्वसहायता समूह की महिलाए बताई जाति है. महिलाओ ने गांव में शराब बिक्री के विरोध में प्रदर्शन कर अवैध शराब विक्रय पर प्रतिबंध लगाकर गांव को नशामुक्त बनाने की मांग करते हुए नारेबाजी कर ग्राम पंचायत में सरपंच,सचिव अशोक पवार को ज्ञापन सौपा। रैली के दौरान शराब के दुष्परिणामों से लोगों को अवगत कराया गया और शराब बिक्री बंद करने तथा गांव को नशामुक्त बनाने के समर्थन में नारे लगाए गए। महिलाओं का कहना है कि गांव में अवैध रूप से शराब बेची जा रही है, जिससे कई परिवार प्रभावित हो रहे हैं,शराब के कारण घरेलू विवाद, आर्थिक परेशानियां और सामाजिक समस्याएं बढ़ रही हैं, जिसका सबसे अधिक असर महिलाओं और बच्चों पर पड़ रहा है। बैठक में तय किया गया कि यदि गांव में कोई व्यक्ति शराब पीते या बेचते हुए पाया जाता है, तो इसकी सूचना तत्काल पंचायत और महिला समूहों को दी जाएगी। पंचायत प्रतिनिधियों ने महिलाओं की मांग पर जनजागरूकता अभियान चलाने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### ताप्ती जन्मोत्सव के पूर्व लगाया जाए नया म्यूजिकल फाउंटेन



**मुलताई।** पवित्र नगरी में स्थित ताप्ती उदगम सरोवर में विधायक निधि सें नगरपालिका द्वारा ठेकेदार के माध्यम से म्यूजिकल फाउंटेन लगाया गया था,जो एक माह भी नही चला और खराब हो गया, जिस पर नगरपालिका के एल्डरमेनो ने असंतोष जताते हुए ठेकदार पर कार्रवाई करने एवं ताप्ती जन्मोत्सव के पूर्व नया म्यूजिकल फाउंटेन लगाने की मांग को लेकर बुधवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारियो को ज्ञापन सौपा है।ज्ञापन में बताया विधायक निधि से 11 लाख रुपये की भारी-भरकम राशि ताप्ती सरोवर के सौंदर्गीकरण और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगरपालिका को म्यूजिकल फाउंटेन (संगीतमय फव्वारा) लगाने हेतु प्रदान की गई थी। अत्यंत खेद का विषय है कि शासकीय निधि के इतने बड़े बजट से तैयार यह फाउंटेन शुरू होने के मात्र एक माह बाद ही बंद हो गया। इतने कम समय में फाउंटेन का बंद होना और लंबे समय तक इस पर कोई ध्यान न दिया जाना संबंधित प्रदायक कंपनी की बेहद घटिया कार्यप्रणाली गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार और अनुबंध की शर्तों के घोर उल्लंघन को दर्शाता है।एल्डर मेनो ने मांग की है कि आगामी ताप्ती जन्मोत्सव की गरिमा और जनहित को ध्यान में रखते हुए ताप्ती सरोवर में तत्काल नवीन म्यूजिकल फाउंटेन (नया फव्वारा) स्वीकृत कर स्थापित व सुचारू रूप से संचालित किया जाए। जिस कंपनी से पुराना फाउंटेन खरीदा गया था. उस पर गारंटी वारंटी अवधि के नियमों और अनुबंध के उल्लंघन होने से तत्काल सख्त कानूनी व दंडात्मक कार्रवाई की जाए, जिसका भुगतान रोका जाकर ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की मांग की है।ज्ञापन देने के दौरान एल्डरमेन श्यामू ढोमने, सुनीता नागले, निलेश चावरिया , राजू चौबे, प्रीतम सिंह, बीना पंजाबी उपस्थित थे।

# जंजीरों में चुनाव आयोग,कांग्रेस का प्रदर्शन

**जागरण,खंडवा।** राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में महिला कांग्रेस ने बुधवार को जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का प्रतीकात्मक पुतला जंजीरों में बांधकर विरोध दर्ज कराया और बाद में उसका दहन किया।

### गांधी भवन से निकली रैली

महिला कांग्रेस की सदस्याओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने



गांधी भवन से रैली निकाली। हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर कार्यकर्ता केवलराम पेट्रोल पंप चौराहे तक पहुंचे। यहां चुनाव आयोग को भाजपा के प्रभाव में काम करने वाला बताते हुए सांकेतिक रूप से चुनाव आयुक्त के पुतले को जंजीरों में बांधा गया। पुलिस द्वारा पुतला दहन रोकने के प्रयास के बाद कार्यकर्ता घंटाघर पहुंचे और वहां पुतले का दहन कर विरोध जताया।

### लोकतंत्र की हत्या का आरोप

महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष हेमलता पालीवाल ने आरोप लगाया कि राज्यसभा चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता की अनदेखी की गई है। जिलाध्यक्ष रचना तिवारी ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता और चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए कांग्रेस लगातार संघर्ष करती रहेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) प्रतिभा रघुवंशी ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों पर सीधा हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### सत्ता के दबाव में संस्थाएं काम कर रहीं

शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी ने कहा कि लोकतंत्र तभी मजबूत रहेगा जब संवैधानिक संस्थाएं संविधान के प्रति जवाबदेह रहें, न कि सत्ता के दबाव में कार्य करें। कांग्रेस नेताओं ने चुनाव आयोग से निष्पक्ष एवं पारदर्शी कार्यप्रणाली अपनाने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान सुनीता सकरगाये, रूपाली बारे, अन्विता ओझा, सुनीता रायकवार, साधना जोशी, यज्ञवती वर्मा, मीनू मंडलोई, अर्चना वर्मा, रियाज हुसैन, दीपक मुल्लू राठौर, प्रेमांशु जैन, विशाल जैन, चैनसिंह वर्मा, असलम गौरी, मोइज खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## दो लाख की बकरियां चोरी,तीन हफ्ते बाद भी खाली हाथ पुलिस,तलाश में 5 हजार और गंवा बैठा फरियादी

**जागरण,खंडवा।** आमतौर पर चोरी का शिकार व्यक्ति पुलिस से उम्मीद करता है कि उसे जल्द न्याय मिलेगा और उसका नुकसान कम होगा, लेकिन पंधाना रोड स्थित सब्जी मंडी क्षेत्र में बकरी चोरी के एक मामले में तस्वीर कुछ अलग नजर आ रही है। यहां करीब दो लाख रुपए की आठ बकरियां चोरी होने के बाद फरियादी को राहत मिलने की बजाय आरोपियों की तलाश में खुद ही जेब ढीली करनी पड़ रही है। करीब तीन सप्ताह बाद भी न तो बकरियां बरामद हुई हैं और न ही आरोपी गिरफ्तार हो सके हैं, जबकि पुलिस आरोपियों तक पहुंचने के दावे कर रही है।

23 मई को हुई चोरी के बाद फरियादी शुभम यादव ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराए थे। फुटेज में दिखाई दी एक लग्जरी कार के आधार पर जांच इंदौर के चंदन नगर क्षेत्र तक पहुंची। शुभम यादव का आरोप है कि पुलिस के साथ जांच में सहयोग करने के लिए उसे निजी वाहन किराए पर लेकर इंदौर जाना पड़ा, जिस पर करीब चार हजार रुपए खर्च हुए। इसके अलावा जिस कार को पुलिस ने जब्त किया, उसमें एक हजार रुपए का पेट्रोल भी उसी ने भरवाया। इसके बावजूद अब तक न तो बकरियां मिलीं और न ही चोरी करने वाले आरोपी।

### मां ने पाई-पाई जोड़कर खरीदा था पशुधन

शुभम यादव ने बताया कि उसकी मां उमा यादव ने वर्षों की मेहनत और बचत से बकरियां खरीदी थीं। करीब दो लाख रुपए कीमत के इस पशुधन से परिवार की आजीविका चलती थी।




बकरियों की बिक्री से बच्चों की फीस और घरेलू खर्च पूरे होते थे। चोरी के बाद परिवार आर्थिक संकट में आ गया है।

### हिरासत में लिया, फिर छोड़ दिया

फरियादी का आरोप है कि चंदन नगर से हाजी नामक कार मालिक को पुलिस खंडवा लेकर आई थी,लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया गया। उनका कहना है कि यदि वाहन चोरी में इस्तेमाल हुआ था तो उसकी निशानदेही पर आरोपियों तक पहुंचा जा सकता था। ऐसे में पुलिस कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

### सीएसपी बोले- जल्द होगी गिरफ्तारी

नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव बारंगे ने बताया कि बकरी चोरी मामले में कुछ संदिग्धों से पूछताछ की गई है। पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारी मिली है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह स्वयं इस प्रकरण की समीक्षा कर रहे हैं।

## 41 लाख गबन की आरोपी कैशियर गिरफ्तार

**जागरण,खरगोन।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की ठिबगांव शाखा से 41.58 लाख रुपए के गबन के मामले में फरार महिला कैशियर ऋतु गोयल को जैतापुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी 25 मई को कैश काउंटर लॉक कर बैंक से गायब हो गई थी। ग्राहकों के परेशान होने पर मामला सामने आया। बैंक की जांच समिति ने पांच दिन तक जांच कर 41 लाख 58 हजार 95 रुपए के गबन की पुष्टि की, जिसके बाद 29 मई को एफआईआर दर्ज कराई गई।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी अपने परिवार के साथ मुंबई और फिर हवाई जहाज से दिल्ली पहुंची थी। उसने परिजनों के मोबाइल भी बंद करा दिए थे ताकि बैंक और पुलिस संपर्क न कर सके। आरोपी की तलाश में जैतापुर पुलिस मुंबई से दिल्ली तक पहुंची। रोहिणी क्षेत्र में चार दिन तक पुलिसकर्मियों ने पहचान छिपाकर किराना दुकान पर काम किया और गैस सिलेंडर डिलीवरी तक की। थाना प्रभारी सुदर्शन कुमार ने बच्चों से दोस्ती कर आरोपी के ठिकाने की जानकारी जुटाई।

पुलिस दबिश से पहले आरोपी दिल्ली से इंदौर की ओर निकल गई, लेकिन




**मुंबई-दिल्ली तक पीछा करती रही पुलिस, ऑनलाइन गेम में रकम हारने का दावा दो आरोपी अब भी फरार**

लगातार दबाव के चलते आखिरकार उसने आत्मसमर्पण कर दिया। उसके कब्जे से 1.49 लाख रुपए नकद, तीन मोबाइल और बैंक आईडी कार्ड बरामद किए गए हैं।

प्रारंभिक पूछताछ में ऋतु गोयल ने गबन की राशि ऑनलाइन गेम में हारने का दावा किया है। पुलिस ने रिमांड लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले में सहायक बैंक प्रबंधक और शाखा प्रबंधक सहित दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं।

वहीं किसानों और गरीब खाताधारकों की राशि की वसूली को लेकर भी सवाल बने हुए हैं। बैंक ने आरोपियों के खाते सीज करने और संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# प्रबंधन : सोमवती अमावस्या पर नर्मदापुरम स्टेशन बना मिसाल, सूझबूझ से टला बड़ा खतरा

**जागरण, इटारसी।** सोमवती अमावस्या और अधिक मास के दुर्लभ संयोग पर आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा कि नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन वर्षों बाद 'लघु कुंभ' के रूप में नजर आया। करीब दो दशकों बाद बने इस विशेष संयोग पर एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ स्टेशन पर उमड़ पड़ी।

दोनों प्लेटफार्म, दोनों पैदल पुल और दोनों सर्कुलेटिंग एरिया पैर रखने की जगह भी नहीं बची थी। लेकिन, इस अभूतपूर्व चुनौती के बीच नर्मदापुरम रेल प्रशासन ने कुशल प्रबंधन, अनुकरणीय नेतृत्व और अद्वितीय सूझबूझ का परिचय देते हुए न केवल एक बड़ी मानवीय मिसाल पेश की, बल्कि लाखों श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित किया गया।

नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन के इस 'क्राइसिस मैनेजमेंट' और अधिकारियों के 'लीडरशिप रोल' की हर तरफ जमकर सराहना हो रही है। रेल कर्मचारियों के इस जज्बे और कर्तव्यनिष्ठा ने यह साबित कर दिया कि यदि नेतृत्व सजग हो, तो सबसे बड़ी चुनौती को भी पूरी तरह सुरक्षित और सफल बनाया जा सकता है।

## जब संकट की घड़ी में नेतृत्व ने संभाला मोर्चा

भीड़ का दबाव इतना अधिक था कि यात्री ट्रेनों में चढ़ने के लिए प्लेटफार्म के साथ-साथ दूसरी तरफ (ट्रैक वाली साइड) से भी प्रयास करने लगे। ऐसी स्थिति में थ्रू (नॉन-स्टॉप) ट्रेनों के गुजरने से शत-प्रतिशत गंभीर हादसे की आशंका बन गई थी।

विपरीत परिस्थितियों में स्टेशन प्रबंधक देवेन्द्र सिंह चौहान और आरपीएफ प्रभारी आरडी चौधरी ने अपनी टीम के साथ अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर कमान संभाली। अफसरों ने केवल केबिन में बैठकर निर्देश देने के बजाय स्वयं मौके पर रहकर व्यवस्था का नेतृत्व किया। निरंतर उद्घोषणा (अनाउंसमेंट) के बावजूद जब बेकाबू भीड़ ट्रैक पर उतरने लगी, तो रेल प्रबंधन ने त्वरित और ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए थ्रू ट्रेनों को आउटर पर ही रोक-रोककर चलाने का फैसला किया।



## अंतर-स्टेशन समन्वय की दिखी अनूठी झलक

विशाल भीड़ को नियंत्रित करने नर्मदापुरम रेल प्रशासन ने एक व्यापक रणनीति के तहत काम किया। केवल अपने स्टेशन पर ही नहीं, बल्कि आसपास के प्रमुख स्टेशनों जैसे इटारसी, बुदनी, रानी कमलापति और विदिशा से लगातार समन्वय स्थापित किया गया। इन सभी स्टेशनों पर पहले से ही यात्रियों के लिए लगातार अनाउंसमेंट कराए, ताकि भीड़ को पहले से ही सतर्क और प्रबंधित किया जा सके।

## बिना किसी अप्रिय घटना के संपन्न हुआ महा-अभियान

आमतौर पर ऐसी अनियंत्रित भीड़ में भगदड़ या दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, लेकिन नर्मदापुरम स्टेशन स्टाफ और सुरक्षाबलों के अथक परिश्रम का ही परिणाम था कि पूरा त्योहार बिना किसी अप्रिय घटना के शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से उनके गंतव्य तक पहुंचाना भारतीय रेलवे के बेहतरीन तालमेल की कहानी बयां करता है।

**सुरक्षा सर्वोपरि :** हादसे की शत-प्रतिशत संभावना के बीच रेल प्रबंधन ने ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक लगाकर एक लाख से अधिक जिंदगियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी। यह तात्कालिक निर्णय उनकी संवेदनशीलता और उत्कृष्ट संकट प्रबंधन को दर्शाता है। जिससे एक संभावित संकट टाला जा सका।

## न्यूज कार्नर

### कार को टक्कर मारने वाले पर मामला दर्ज

**जागरण, इटारसी।** गरीबी लाइन के पास तेज और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर कार को क्षतिग्रस्त करने वाले एक लोडिंग ऑटो चालक के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी धर्मेन्द्र 41 वर्ष, पिता लालमन नरवरिया, निवासी सांई हेवन सिटी, नर्मदापुरम ने थाने में स्वयं उपस्थित होकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। फरियादी धर्मेन्द्र जब अपनी कार से गरीबी लाइन क्षेत्र से गुजर रहे थे, तभी लोडिंग ऑटो क्रमांक एमपी 05 एलए 1784 के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए कार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई।

### अधिकमास के समापन पर भंडारा




**जागरण, इटारसी।** सूरज गंज स्थित शंकर मंदिर में अधिकमास के पावन माह पर चल रहे एक माह के सुंदरकांड पाठ का समापन भव्य भंडारे के साथ हुआ। पूरे महीने सूरज गंज की मातृशक्तियों द्वारा यहां प्रतिदिन सुंदरकांड का आयोजन किया जा रहा था। अधिकमास के अंतिम दिन संध्याकाल में भव्य महाआरती की गई और भगवान को भोग लगाया गया। इसके बाद कन्या पूजन व भोजन कराया एवं सुहागिन महिलाओं को सुहाग सामग्री भेंट कर भंडारे की शुरुआत हुई। भंडारे में क्षेत्र के सभी परिवारों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस सफल आयोजन में श्रीमती वर्षा अग्रवाल, ममता मालवीय, ममता अग्रवाल, अर्चना मालवीय, अमिता मालवीय, अन्नू नामदेव, सुरभि शर्मा आदि मातृशक्तियों का विशेष योगदान रहा।

### युवक से गाली-गलौज कर मारपीट

**जागरण, इटारसी।** समीपस्थ ग्राम बांदरी में एक युवक के साथ गाली-गलौज कर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ पथरौटा पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी अरुण तुमराम 23 वर्ष, पिता जीवनलाल तुमराम, निवासी पारछा थाना पथरौटा ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि ग्राम बांदरी निवासी आरोपी मुकेश यादव ने उसे अकारण गालियां दीं। जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पथरौटा पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

### शराब के नशे में की अड़ीबाजी, मारपीट

**जागरण, इटारसी।** हनुमान मंदिर शिवाजी नगर के पास शराब के नशे में एक युवक से अड़ीबाजी कर पैसे मांगने, झूमाझटकी करने और जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ इटारसी पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार फरियादी अमन 24 वर्ष, पिता राजकुमार रजक, निवासी कृष्णा विहार कॉलोनी पुरानी इटारसी ने शिकायत दर्ज कराई कि जब वह शिवाजी नगर में हनुमान मंदिर के पास था, तब वहीं के निवासी आरोपी वीरेंद्र, पिता शिवकरण सावनेर ने शराब के नशे में उसके साथ अड़ीबाजी की और पैसों की मांग की। मना करने पर आरोपी वीरेंद्र ने उसके साथ झूमाझटकी की, गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी।




# पानी-पानी को तरसा इटारसी! नपा बेबस

## अब वार्डों का सूखा कंठ बुझाने सड़कों पर उतरे विपक्षी पार्षद

**जागरण, इटारसी।** प्री-मानसून की भीषण उमस और तपिश के बीच इटारसी शहर इस वक्त भीषण जल संकट की आग में झुलस रहा है। शहर के कई वार्डों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है और लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। नगर पालिका प्रशासन के तमाम दावे धरातल पर पूरी तरह फ्लॉप साबित हो रहे हैं। पानी की इस किल्लत ने अब जनता के सब्र का बांध तोड़ दिया है, जिसके बाद प्रभावित क्षेत्रों में सूखे कंठों की प्यास बुझाने के लिए अब विपक्ष के पार्षद और संगठन खुद सड़कों पर उतर आए हैं।

### इनका कहना है...

जल संकट के समाधान के लिए नगर पालिका हरसंभव प्रयास कर रही है, लोगों को पानी तो मिल रहा है। करीब 25 हजार घरों में 24 हजार को पानी पाइप लाइनों के जरिए दिया जा रहा है, एक हजार लोग जहां पाइप लाइनें नहीं हैं, टैंकरों से व्यवस्था की जा रही है।

**पंकज चौरे**, अध्यक्ष नगर पालिका

### वार्ड 16 और 17 का सबसे बुरा हाल

शहर के वार्ड 16 और 17 में तो स्थिति बेहद भयावह हो चुकी है। इन वार्डों के रहवासियों को नियमानुसार नियमित पानी मिलना तो दूर, कभी एक दिन छोड़कर तो कभी दो-दो दिनों तक पानी नसीब नहीं हो रहा है। नलों के समय लोग डिब्बे और बाल्टियां लेकर पानी के इंतजार में बैठे रहते हैं, लेकिन अमूमन उन्हें मायूसी ही हाथ लग रही है। यही कमोबेश हाल शहर के कई अन्य वार्डों का भी है, जहां कम दबाव (लो-प्रेशर) और गंदे पानी की आपूर्ति ने नागरिकों का जीना मुहाल कर दिया है।

### नपा की व्यवस्थाएं नाकाफी

पूरे गर्मी के मौसम में नगर पालिका की जल शाखा की टीम टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति का दावा तो कर रही है, लेकिन शहर की विशाल आबादी के सामने नपा के ऊंट के मुंह में जीरे के समान साबित हो रहे हैं। इस भीषण संकट के बीच शहर में एक अनोखी और मजबूरन व्यवस्था देखने को मिल रही है। नपा की नाकामी को देखते हुए अब कांग्रेस के विभिन्न संगठन, युवा कांग्रेस और विपक्षी पार्षद प्रतिनिधियों ने मोर्चा संभाला है। वे जनता को इस नरकीय स्थिति से उबारने के लिए अपने निजी प्रयासों से प्रभावित वार्डों में पानी के टैंकर भेजकर जल संकट का तात्कालिक निराकरण कर रहे हैं।

>> **जनता का दर्द :** वार्डवासियों का कहना है कि टैक्स देने के बावजूद उन्हें मूलभूत सुविधा के लिए तरसना पड़ रहा है। राजनीति अपनी जगह है, लेकिन चुनाव जीतने के बाद भी यदि सत्ता पक्ष बुनियादी पानी की व्यवस्था सुचारू नहीं कर पा रहा, तो यह बेहद शर्मनाक है। गनीमत है कि विपक्षी पार्षद और सामाजिक संगठन इस संकट में टैंकर भेजकर सहारा बन रहे हैं।

### कब सुधरेगा जल प्रदाय का दर्रा?

शहर के कई इलाकों में वाटर सप्लाई का पूरा सिस्टम बेपटरी हो चुका है। पाइपलाइनों में लीकेज और नपा के जल विभाग की अकर्मण्यता के कारण यह संकट दिन-ब-दिन और गहराता जा रहा है। अब देखना यह है कि इस ज्वलंत समस्या पर केवल टैंकर पॉलिटिक्स चलती रहेगी या नगर पालिका प्रशासन कोई ठोस और स्थायी कदम उठाकर वार्ड 16, 17 सहित पूरे इटारसी को इस भीषण जल किल्लत से मुक्ति दिलाएगा।

## प्रशासनिक सर्जरी

# नर्मदापुरम से 5 साल बाद विदा हुए विवादित आबकारी अधिकारी

### द्विवेदी संभालेंगे कमान

**जागरण, इटारसी।** नर्मदापुरम जिले में पिछले पांच वर्षों से अंगद की तरह पैर जमाए बैठे जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर का आखिरकार भोपाल स्थानांतरण हो गया है। लंबे समय से विवादों और कथित अकर्मण्यता के आरोपों से घिरे रहे सागर की विदाई के साथ ही जिले के आबकारी महकमे में एक बड़े बदलाव की शुरुआत हो गई है। शासन ने अब जिले की आबकारी व्यवस्था को पटरी पर लाने की जिम्मेदारी राजीव द्विवेदी को सौंपी है, जो नर्मदापुरम के नए जिला आबकारी अधिकारी होंगे।

**मूल पद से ऊपर का था प्रभार, व्यवस्थाएं संभालने में रहे नाकाम :** विभागीय सूत्रों के मुताबिक, निवृत्तमान अधिकारी अरविंद सागर अपने मूल पद से दो पायदान ऊपर का प्रभार संभाल रहे थे। भारी-भरकम जिम्मेदारी और ऊंचे पद के बावजूद धरातल पर उनकी कार्यप्रणाली पूरी तरह फ्लॉप साबित हुई। पांच साल के लंबे कार्यकाल में वे जिले की आबकारी व्यवस्था को संभालने में नाकाम रहे। उनके कार्यकाल के दौरान पूरे नर्मदापुरम जिले में अवैध शराब का कारोबार चरम पर पहुंच गया। हैरानी की बात यह रही कि आबकारी विभाग का अमला जिस अवैध शराब पर कार्रवाई करने में पूरी तरह बेखबर और बेफिक्र बना रहा, उसे जिले की पुलिस लगातार पकड़ती रही। पुलिस की बैक-टू-बैक कार्रवाइयों ने आबकारी विभाग की मुस्तैदी के दावों की पोल खोलकर रख दी।

**नए 'साहेब' के सामने चुनौतियों का पहाड़ :** अरविंद सागर के जाने के बाद अब सबकी नजरें नए जिला आबकारी अधिकारी राजीव द्विवेदी पर टिक गई हैं। पुराने साहब ने जिले की आबकारी व्यवस्था को जिस बेपटरी और शिथिल हाल में छोड़ा है, उसे सुधारना नए अधिकारी के लिए बड़ी अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगा। देखना दिलचस्प होगा कि नए कप्तान जिले में पैर पसार चुके अवैध शराब माफिया पर कब और कितना नकेल कस पाते हैं।

### प्रतिबंध के बाद भी आबाद रहे 'अहाते'

नियमों को ताक पर रखकर शराब दुकानों के आसपास प्रतिबंध के बावजूद खुलेआम अहाते और 'ओपन बार' संचालित होते रहे। सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर जाम छलकते रहे, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस पूरी अव्यवस्था पर जहां पुलिस लगातार डंडा चलाती रही और कार्रवाई करती रही, वहीं आबकारी विभाग मूकदर्शक बनकर सब कुछ देखता रहा। आबकारी अमले की इस निष्क्रियता को लेकर समय-समय पर गंभीर सवाल भी उठते रहे।

## प्रज्ञान स्कूल के समर कैंप का रंगारंग समापन, बच्चों ने सीखे रचनात्मक गुर



**जागरण, इटारसी।** प्रज्ञान सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित 15 दिवसीय समर कैंप का रचनात्मक और उत्साहपूर्ण माहौल में सफल समापन हुआ। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों की ग्रीष्मकालीन छुट्टियों को उपयोगी बनाना और उनकी खेल व कलात्मक प्रतिभा को निखारना था।

15 दिनों के दौरान विद्यार्थियों ने ध्यान, योग, जुम्बा, नृत्य, कला एवं शिल्प, क्ले मॉडलिंग, ओरिगामी, इनडोर गेम्स और व्यक्तित्व विकास जैसी कई ज्ञानवर्धक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इन गतिविधियों से बच्चों के आत्मविश्वास, संचार कौशल और टीमवर्क की भावना को बढ़ावा मिला।

**अंतिम दिन बच्चों ने दिखाई फायरलेस कुकिंग:** समर कैंप के अंतिम दिन फायरलेस कुकिंग के तहत सैंडविच मेकिंग एक्टिविटी का आयोजन किया। इसमें बच्चों ने बिना आग के स्वादिष्ट और पौष्टिक सैंडविच तैयार किए और स्वच्छता व सहयोग का व्यावहारिक ज्ञान सीखा। विद्यालय प्रबंधन ने कैंप को सफल बनाने के लिए सभी अभिभावकों का आभार जताया। आयोजन में शिक्षकों वर्षा, चित्रा, अंजना, कोमल, विभा, निहालिका और सूरज का सहयोग रहा।

### मेधावी विद्यार्थियों का आज होगा सम्मान

**जागरण, इटारसी।** कौशल श्री विकास समिति द्वारा आज, 18 जून को दोपहर 2 बजे से पं. भवानी प्रसाद मिश्र ऑडिटोरियम में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समिति अध्यक्ष सतीश बिल्लौरे ने बताया कि प्रतिभा का उत्सव भविष्य की तैयारी थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में 12वीं के मेधावी छात्रों का सम्मान करने के साथ ही उन्हें करियर व छात्रवृत्ति का मार्गदर्शन दिया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा होंगे और अध्यक्षता नपाध्यक्ष पंकज चौरे करेंगे।

### न्यायाधीश ने रोपे पौधे

**जागरण, इटारसी।** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से ग्राम पंचायत परिसर पथरोटा में तहसील विधिक सेवा समिति इटारसी एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला न्यायाधीश आदित्य रावत की मुख्य उपस्थिति में परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। साथ ही भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए दाना-पानी (सकोरे) की व्यवस्था की गई।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से सांसद सिंह ने की भेंट प्राकृतिक कृषि विधेयक पर जताया आभार



**जागरण, इटारसी।** होशंगाबाद-नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से सौजन्य भेंट की।

सांसद चौधरी ने प्राकृतिक कृषि संवर्धन विधेयक-2025 को लोकसभा में चर्चा के लिए स्वीकृति प्रदान करने पर राष्ट्रपति का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति की किसानों और कृषि उन्नयन के प्रति संवेदनशीलता देश के अन्नदाताओं के लिए आशा और विश्वास का नया संदेश है। मुलाकात के दौरान दोनों के बीच प्राकृतिक खेती को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने, गौ-आधारित कृषि व्यवस्था को सशक्त बनाने, पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आय दोगुनी करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

**अतीत के जमीनी अनुभवों को किया साझा :** सांसद चौधरी ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उन्होंने प्रदेशभर में व्यापक अभियान चलाया था। लाखों किलोमीटर की यात्रा कर हजारों किसानों को इस पद्धति से जोड़ा गया, जिसके सकारात्मक परिणाम अब सामने आ रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि संसद में इस विधेयक पर चर्चा होने से देश में प्राकृतिक खेती को एक नई और स्थायी पहचान मिलेगी।

### 9 लाख से बनेगी सीमेंट कांक्रीट सड़क

**जागरण, इटारसी।** नगर के वार्ड 25 स्थित भगत सिंह नगर के रहवासियों का वर्षों पुराना पक्की सड़क का सपना अब सच होने जा रहा है। बुधवार को नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे और वार्ड पार्षद शुभम गौर ने क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण योजना का विधिवत भूमिपूजन किया। लगभग 9 लाख रुपये की लागत से बनने वाली यह 100 मीटर लंबी सीसी सड़क सुनील गौर के मकान से लखन कश्यप के मकान तक बनाई जाएगी। आजादी के बाद पहली बार बनने जा रही इस सड़क से क्षेत्र के सैकड़ों परिवारों को धूल, कीचड़ और जलभराव की समस्याओं से हमेशा के लिए मुक्ति मिलेगी। वार्ड पार्षद शुभम गौर ने क्षेत्रवासियों को बधाई दी।

**प्रदर्शन** | राज्यसभा चुनाव : कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त का विरोध

# मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका, निकाली शवयात्रा





**जागरण, इटारसी।** राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने के विरोध में इटारसी में राजनीतिक पारा गरमा गया है। नगर कांग्रेस कमेटी इटारसी द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त की प्रतीकात्मक शवयात्रा निकालकर प्रदर्शन किया और जयस्तंभ चौक पर उनका पुतला दहन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी एवं नगर कांग्रेस उपाध्यक्ष निशा बकोरिया ने किया।

विरोध सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डेय ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग लोकतंत्र का स्तंभ है, जिससे पारदर्शिता की उम्मीद की जाती है। किसी उम्मीदवार के साथ अन्याय होना लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता के विश्वास को चोट पहुंचाना है।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी और नेता प्रतिपक्ष अजय शुक्ला ने दो टूक शब्दों में कहा कि आज देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता खत्म की जा रही है। जब भी जनता के अधिकारों पर कुठाराघात होगा, कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेंगे।

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुफरान अंसारी और नगर उपाध्यक्ष निशा बकोरिया ने कहा कि देश का युवा और महिलाएं संविधान व लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए जागरूक हैं। जनता की आवाज को दबाने वाली ताकतों के खिलाफ यह लड़ाई आर-पार की होगी। सभा को कांग्रेस महासचिव राजकुमार उपाध्याय, यंग ब्रिगेड अध्यक्ष गज्जू तिवारी, नसीम सहगल और पार्षद सीमा भदौरिया ने भी संबोधित किया और संघर्ष का संकल्प दोहराया।

प्रदर्शन में पूर्व मंडी अध्यक्ष रमेश बामने, पंकज राठौर, पिंकी शर्मा, अमित परदेशी, अजय अहिरवार, सोनू बकोरिया, चंदू दुबे, राजेंद्र गोस्वामी, बल्ला यादव, राजकुमार यादव, नीलम मेहरा, मालती रावत, सुषमा सरथे, रुकसाना बी, सायरा बी, सविता सोलंकी, काजल सोलंकी, मंजू कोरी सहित महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# सिया रिजॉर्ट में 'गोदावरी रेस्टोरेंट' का हुआ आगाज



### विधायक ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**जागरण, इटारसी।** नगर के समीपस्थ ग्राम सोनासावरी स्थित 'सिया रिजॉर्ट' परिसर में अग्रवाल कैटरर्स के नए प्रतिष्ठान गोदावरी रेस्टोरेंट का बुधवार, 17 जून को सुबह 11 बजे शुभारंभ हुआ। रेस्टोरेंट का उद्घाटन विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर शहर के राजनैतिक और सामाजिक क्षेत्र की प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में विशेष रूप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, सिया रिजॉर्ट के संचालक जगदीश मालवीय अग्रवाल रेस्टोरेंट के मनोज अग्रवाल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक शर्मा, गोपाल शर्मा, पवन अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, मोनू अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक और महिला-पुरुष उपस्थित थे। सिया रिजॉर्ट में गोदावरी रेस्टोरेंट के शुरू होने से अब क्षेत्रवासियों और हाईवे से गुजरने वाले पर्यटकों को खान-पान और शानदार माहौल का एक नया विकल्प मिलेगा।